कार्यालयः प्राचार्य, शहीद रामकेश मीना राजकीय महाविद्यालय, सिकराय (दौसा)
Email – gcsikrai@gmail.com

क्रमांक : रा.म.सि. /2024/75 दिनांक : 30.4.2024

स्थानीय ब्यूरो प्रभारी
राज. पत्रिका, दैनिक भास्कर,
दैनिक नवज्योति, इण्डिया न्यूज,

प्रेस–नोट

स्थानीय महाविद्यालय सिकराय (दौसा) के बी.ए. भाग प्रथम वर्ष के सभी नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं कि राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के द्वितीय सेमेस्टर के मिड टर्म टेस्ट व असाइनमेंट होने है। अतः सभी विद्यार्थी निम्न दिवस पर उपस्थित होकर अपने मिड टर्म टेस्ट व असाइनमेंट देना सुनिश्चित करे। मिड टर्म टेस्ट व असाइनमेंट नही देने वाले छात्र छात्राएं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा नहीं दे पायेगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी। प्राचार्य डॉ0 वेद प्रकाश मीना ने बताया कि मिड टर्म टेस्ट व असाइनमेंट निम्न प्रकार आयोजित होगें।

| क्र.स. | दिनांक | विषय | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | 02.05.2024 | इतिहास, भूगोल | 02:00 PM |
| 02. | 03.05.2024 | राजनीति विज्ञान, संस्कृत, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य | 10:00 AM |
| 03. | 04.05.2024 | सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, हिन्दी साहित्य | 02:00 PM |

30/04/24
(डॉ. वेद प्रकाश मीना)
प्राचार्य
शहीद रामकेश मीना राजकीय
महाविद्यालय, सिकराय (दौसा)

राजस्थान सरकार 872 20-4-24

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः एफ.7(4)अकाद/अकाशि/ऑनलाइन/2012/00732/ दिनांकः

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
(विधि, राजस्थान संगीत संस्थान, राजस्थान स्कूल औफ आटर्स के अतिरिक्त)
राजस्थान

विषयः सत्र 2024-2025 में समस्त राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में।

आप सबके सतत सहयोग से राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया वर्ष 2013 से सफलता पूर्वक सम्पन्न की जा रही है। सत्र 2024-2025 में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में समस्त प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश की रूपरेखा तैयार कर इसे सफलता पूर्वक संचालित किए जाने हेतु कार्ययोजना बना लें।

महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए हर सत्र की भांति निम्न कार्यवाही अपेक्षित हैः-

1. महाविद्यालय के दो ऐसे संकाय सदस्य को नोडल अधिकारी (ऑनलाइन प्रवेश-स्नातक) एवं नोडल अधिकारी (ऑनलाइन प्रवेश-स्नातकोत्तर) के रूप में नामित करना जो क्रमशः स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रवेश की सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया एवं सूचना प्रौद्योगिकी के सामान्य जानकार हो।

2. उक्त नोडल अधिकारी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए आयुक्तालय से समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे। आयुक्तालय द्वारा समय-समय पर देय प्रशिक्षण प्राप्त कर महाविद्यालय में कार्यरत प्रवेश समितियों को इस प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी उपलब्ध करवायेंगे एवं आवश्यकतानुसार उन्हें प्रशिक्षित भी करेंगे। साथ ही आयुक्तालय के लिए सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया के दौरान एकल सम्पर्क सूत्र के रूप में कार्य करेंगे।

3. महाविद्यालय के समस्त स्नातक पार्ट प्रथम एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु कुल उपलब्ध सीटों की संख्या प्रवेश नीति के अनुसार आरक्षित सीटों का विवरण, ऐच्छिक व अनिवार्य विषयों का विवरण एवं विषयवार सीटों की संख्या, महाविद्यालय में उपलब्ध विषय समूह, फीस एवं बैंक विवरण आदि की सूचना प्राचार्य व प्रवेश समिति से अनुमोदन उपरांत आॅनलाइन प्रवेश माड्यूल में निर्धारित तिथि तक अपडेट/अपलोड करना।

4. महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर ऑनलाइन प्रवेश हेतु सतत् इंटरनेट कनेक्टिविटी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर व पावर बैकअप आदि की पर्याप्त व्यवस्था करना।

RajKaj Ref
6805466

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation: Commissioner
Date: 2024.04.29 1?:33:03 IST
Reason: Approved

5. प्राचार्य, नोडल अधिकारी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के सभी संकायों के संयोजकों व सह-संयोजकों के नाम, ई-मेल, मोबाइल नम्बर व एस.एस.ओ.आईडी व महाविद्यालय के दूरभाष नंबर की सूचना आयुक्तालय को संबंधित स्प्रेडशीट में प्रेषित करना।

6. ऑनलाइन प्रक्रिया 2024-2025 प्रारंभ होने से पूर्व https://hte.rajasthan.gov.in/ पर महाविद्यालय के समस्त वेबपेजेज को अपडेट करना। प्रवेश से संबंधित विवरिणिका, फीस संरचना, ऐच्छिक विषय, विषय संयोजन, उपलब्ध सीटों की संख्या, हेल्प डेस्क, नोडल अधिकारी, प्रवेश प्रभारी आदि के नाम व मोबाइल नंबर आदि महाविद्यालय के एडमिशन पेज पर अपडेट करना।

उपरोक्त वर्णित वांछित सूचनाएं (यथा प्राचार्य की सूचना, नोडल आफिसर (UG/PG) की सूचना, संकाय संयोजकों की सूचना, कम्प्यूटर संसाधनों एवं इंटरनेट की सूचना, बैंक एकाउन्ट डिटेल की सूचना) आपके महाविद्यालय की gmail पर **"ADMISSIONS 2024-25"** नाम से प्रेषित spreadsheet में दिनांक 6 मई, 2024 तक भरना सुनिश्चित करें।

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के क्रियान्वयन में होने वाली संभावित शंकाओं के संबंध में आयुक्तालय के आई.टी. सैल में कार्यालय समय में दूरभाष 0141-2706106 या ई-मेल dce.oap@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया अति महत्वपूर्ण व समयबद्ध प्रक्रिया है। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरतें।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान जयपुर
2. निजी सचिव, आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान
3. वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान
4. रक्षित पत्रावली

RajKaj Ref
6805466

Signature valid

Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation: Commissioner
Date: 2024.04.29 16:33:03 IST
Reason: Approved